क्षेत्रीय कार्यालय

# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

प्लॉट नं. 02 मरूधर इण्डस्ट्रीयल एरिया बासनी प्रथम चरण जोधपुर

*दूरभाष : 0291–2723225 Email address-rorpcb.jodhpur@gmail.com*

क्रमांक :– राप्रनिम–जोध / स्था / निविदा संख्या–04 / 2021–2022 / 1918 दिनांकः 07/09/2021

## खुली बोली निविदा सूचना 04 / 2020–2021

क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जोधपुर के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम (Natioanl Ambient Air Quality Monitoring Programme) जोधपुर शहर में 09 स्थानों पर वायु प्रदूषण मापने वाली मशीनों का संचालन (Operation of Repairable Dust Sampler एवं $PM_{2.5}$ Sampler), सुरक्षा एवं सुरक्षित रखरखाव (Safty and Security), वायु नमूना संग्रहण (Collection of Air Samples) एवं संबंधित फील्ड डाटा शीट (Ambient Air Quality Monitoring Sheet) मय फिल्टर पेपर एवं अभिकर्मक विश्लेषणार्थ (Analysis) क्षेत्रीय प्रयोगशाला जोधपुर को निर्देशानुसार हस्तान्तरण (Hand Over) करने का कार्य अनुबन्ध के आधार पर कराने हेतु अनुभवी फर्मो / पंजीकृत संस्थाओं / एजेन्सियों से दरें प्राप्त करने हेतु डबल कवर सिस्टम में खुली बोली निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क0 स0 | विवरण | विशेष विवरण |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण | वायु प्रदूषण मापने वाली मशीनों का संचालन, सुरक्षा एवं सुरक्षित रखरखाव, वायु नमूना संग्रहण, संबंधित फील्ड डाटा शीट मय फिल्टर पेपर एवं अभिकर्मक विश्लेषणार्थ कार्य, कार्यादेश दिनांक से वित्तिय वर्ष 2021–2022 तक की अवधि के लिये होगा। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | 8.00 लाख |
| 3 | बिड प्रतिभूति घोषणा पत्र | वित्त विभाग परिपत्र एफ.2(1)वित्त / जीएण्डटी–एसपीएफसी / 2017 दिनांक 23 / 12 / 2020 में उल्लेखित मानक प्रारूप में घोषणा पत्र जिस पर 50 रूपये स्टाम्प ड्यूटी एवं 30 प्रतिशत सरचार्ज देय हो। |
| 4 | निविदा प्रपत्र शुल्क | 500 /– रूपये |
| 4 | प्रतिभूति राशि (कार्य सम्पादन प्रतिभूति) | कार्य की अनुमानित राशि का 2.5 प्रतिशत |
| 5 | निविदा प्राप्त करने की दिनांक | निविदा प्रकाशन की दिनांक 08 / 09 / 2021 से कार्यालय समयानुसार |
| 6 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 17 / 09 / 2021 दोपहर 2:00 बजे तक |
| 7 | निविदा की तकनीकी एवं वितीय बिड खोलने की दिनांक एवं समय | 17 / 09 / 2021 दोपहर 3:00 बजे तक |

8. निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्ते मण्डल की वेबसाईट www.environment.rajasthan.gov.in/rpcb एवं www.sppp.rajasthan.gov.in भी देखी जा सकती है।
9. इस निविदा के NIB No ............................ एवं UBN No ............................ है।

क्षेत्रीय अधिकारी
राप्रनिम, जोधपुर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. श्रीमान ए.सी.पी. (आई.टी.सेल) महोदय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि टेण्डर प्रपत्र राज्य मण्डल की वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करें।
2. State Public Procurement Portal (sppp.rajasthan.gov.in)
3. कार्यालय नोटिस बोर्ड रा0 प्र0 नि0 म0 जोधपुर।

क्षेत्रीय अधिकारी

क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

प्लॉट नं. 02 मरूधर इण्डस्ट्रीयल एरिया बासनी प्रथम चरण जोधपुर

*दूरभाष : 0291–2723225 Email address-rorpcb.jodhpur@gmail.com*

## निविदादाता द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला तकनीकी निविदा प्रपत्र

1. निविदा प्रस्तुत करने वाले का नाम/फर्म का नाम : ..............................
2. पूरा पता : ..............................
..............................
3. संस्था की स्थिति में हस्ताक्षर करने वाले का नाम : ..............................व पदनाम ..............................एवं प्रमाणित हस्ताक्षर ..............................
4. निविदादाता का दूरभाष संख्या/लेण्डलाइन नं..............................मोबाइल नं..............................
5. बोलीदाता/संवेदक द्वारा निम्नलिखित का विवरण निर्धारित कॉलम में प्रस्तुत किया जावेगा। पंजीकरण प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ लगानी होगी :–

| क.सं. | विवरण | रजि.सं. | पंजीकरण दिनांक | संलग्नक कमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेकेदार/फर्म को पूर्व में सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम अथवा अन्य समक्ष राष्ट्रीय कार्यकम जिसमें नमूनों (सेम्पल) के एकत्रिकरण/विश्लेषण /नमूनों का परिवहन के लिए कर्मचारी आपूर्ति कराने का न्यूनतम चार वर्ष का सन्तोषप्रद कार्य सम्पादन का अनिवार्य अनुभव। | | | |
| 2 | राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 का वचन पत्र। (लागू नहीं होने की स्थिति में निविदादाता द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें) | | | |
| 3 | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 | | | |
| 4 | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 | | | |
| 5 | प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम, 2005 व नियम 2006 (PASARA) का लाइसेंस | | | |
| 6 | वस्तु एवं सेवाकर (GST) | | | |
| 7 | आयकर (पेन नंबर) | | | |
| 8 | ब्लैक लिस्टेड अथवा डिफॉल्टर नहीं होने संबंधी 50रू. के नॉन ज्यडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र | | | |
| 9 | गत 02 वर्ष वित्तिय वर्ष 2019–2020 एवं 2020–2021 में न्यूनतम टर्न ऑवर जिसमें समर्थन में चार्टेट एकाउण्टेंट द्वारा प्रमाणित पत्र एवं सम्बन्धित वर्षो की बैंलेंस शीट तथा आईटीआर | | | |
| 10 | प्रामाणित बैंक खाता पासबुक/स्टेटमेन्ट की छायाप्रति | | | |

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
जोधपुर

क्षेत्रीय कार्यालय
# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
प्लॉट नं. 02 मरूधर इण्डस्ट्रीयल एरिया बासनी प्रथम चरण जोधपुर
*दूरभाष : 0291–2723225 Email address-rorpcb.jodhpur@gmail.com*

6. PAN No. ..............................................................................
7. Address proof.........................................................................
8. निविदा शुल्क : 500/– रूपये रसीद संख्या/डी.डी./बैंकर चैक क्रमांक.......................... दिनांक..................................
9. .अमानत राशि :–वित्त विभाग के परिपत्र कमांक एफ.2(1)वित्त/जीएण्डटी–एसपीएफसी/2017 दिनांक 23/12/2020 में उल्लेखित मानक प्रारूप में घोषणा पत्र जिस पर 50 रूपये स्टाम्प ड्यूटी एवं इस पर 30 प्रतिशत सरचार्ज देय हो।

| क्र.सं. | सेवा का नाम | श्रमिकों की संख्या | न्यूनतम दरों पर प्रति माह/प्रति श्रमिक | सेवाप्रदांता द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली दर प्रति माह/प्रति श्रमिक | सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज प्रतिमाह रूपये | EPF राजस्थान सरकार द्वारा प्रचलित दर | ESI राजस्थान सरकार द्वारा प्रचलित दर | कुल राशि अकों में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | क्षेत्र सहायक/ अर्द्धकुशल श्रेणी | 9 | 6864/- | | | 13% | 3.25% | |
| 2 | वैज्ञानिक सहायक /कुशल श्रेणी | 3 | 7176/- | | | 13% | 3.25% | |

**Note:-** वर्तमान में क्षेत्र सहायकों की आवश्यक संख्या–09 (भविष्य में वृद्धि की जा सकती है।)
वर्तमान में वैज्ञानिक सहायकों की आवश्यक संख्या –03 (भविष्य में वृद्धि की जा सकती है।)

10. निविदा दो

10. उपर्युक्त तालिका में संवेदक द्वारा कॉलम 5, 6 एवं 09 में राशि अंकित की जावेगी। शेष कॉलमों की पूर्तिया इस कार्यालय द्वारा अंकित कर बोली दस्तावेजों में अंकित कर उपलब्ध करवाई गई है। L-1 का निर्णय उपापन कमेटी द्वारा समस्त तकनीकी एवं वित्तिय तथ्यों को आधार मानकार किया जावेगा।

11. बोलीदाता/संवेदक द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी।

12. एक से अधिक बोलीदाताओं को कॉलम 09 में समान राशि अंकित होने पर जिस बोलीदाता का वित्तिय वर्ष 2019–2020 एवं 2020–2021 में वार्षिक टर्न ऑवर सबसे अधिक होगा, उस बोलीदाता को प्राथमिकता दी जा सकती है।
**टर्न ऑवर**–बोलीदाता/संवेदक द्वारा गत 02 वर्ष वित्तिय वर्ष 2019–2020 एवं 2020–2021 में न्यूनतम टर्न ऑवर 05 लाख होना चाहिऐ/ जिसके समर्थन में चार्टेट एकाउण्टेंट द्वारा प्रमाणित पत्र की प्रति बोली दस्तावेजों के साथ संलग्न करने होगी। सम्बन्धित वर्षो की बैंलेंस शीट तथा आईटीआर प्रस्तुत करनी होगी।

13. मैं/हम क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, जोधपुर द्वारा जारी की गयी निविदा सूचना क्रमांक राप्रनिम/ स्था/निविदा संख्या–04/2021–22/..............दिनांक.......................... में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न प्रपत्र में दी गयी उक्त निविदा सूचनां की शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करता हूँ/करते हैं एवं जिनके स्वीकार किए जाने के प्रमाण में निविदा प्रपत्र के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर कर दिये है।

14. ऊपर उल्लेखित दरें निविदा खोले जाने की तिथि से <u>वित्तिय वर्ष 2021–2022 तक के लिये विधिमान्य हैं</u>। इस अवधि को पारस्परिक सहमति के आधार पर बढाया भी जा सकेगा। <u>ठेका कार्यादेश जारी करने</u> <u>की तिथि से वित्तिय वर्ष 2021–2022 तक के लिये मान्य होगा।</u>

हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर
नाम : मैसर्स :..............................................................

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
जोधपुर

क्षेत्रीय कार्यालय
# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
प्लॉट नं. 02 मरूधर इण्डस्ट्रीयल एरिया बासनी प्रथम चरण जोधपुर
*दूरभाष : 0291–2723225 Email address-rorpcb.jodhpur@gmail.com*

पता : ..........................................................................

1 राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम **(National Ambient Air Quality Monitoring Programme)** कार्य का <u>विस्तृत विवरण :–</u>

वर्तमान में जोधपुर शहर में प्रबोधन केन्द्र **(Monitoring Stations)** निम्न स्थानों पर स्थित है :–

| क्रमांक | स्थान का नाम | क्षेत्रीय प्रयोगशाला का नाम व पता जहाँ नमूने जमा कराने है। |
|---|---|---|
| 1 | क्षेत्रीय कार्यालय राप्रनिम, जोधपुर। | क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, स्पेशल प्लॉट न0 2 मरूधर इण्डस्ट्रीयल एरिया, प्रथम चरण, बासनी जोधपुर। |
| 2 | महामन्दिर पुलिस स्टेशन। | |
| 3 | सोजती गेट पुलिस स्टेशन। । | |
| 4 | जिला उधोग केन्द्र, जोधपुर। | |
| 5 | शास्त्रीनगर पुलिस थाना जोधपुर। | |
| 6 | आवासन मण्डल कार्यालय, जोधपुर। | |
| 7 | महिला पुलिस थाना, कुडी भगतासनी जोधपुर। | |
| 8 | सांगरिया पुलिस चौकी, जोधपुर।. | |
| 9 | सूरसागर पुलिस थाना, जोधपुर। | |

उक्त प्रबोधन केन्द्रों **(Monitoring Stations)** की संख्या नौ से अधिक की जा सकती है।

9.1 परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन केन्द्र पर **<u>क्षेत्र सहायक</u>** के अपेक्षित कार्यः–

- **<u>कार्य का विवरणः</u>** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम (National Ambient Air Quality Monitoring Programme) जोधपुर स्थित (09) स्थानों पर, जो बाद में बढ़ा कर बारह (12) स्थानों तक किये जा सकते है, पर वायु प्रदूषण मापने वाली मशीनों के संचालन, (Operation of Respirable Dust Sampler एंव $PM_{2.5}$ Sampler), उक्त उपकरणों के आस–पास सफाई, रक्षा एवं सुरक्षित रखने (Safety And Security), वायु नमूना संग्रहण (Collection of Air samples) एवं संबंधित आंकड़ो (Ambient Air Quality Monitoring Data Sheet) मय फिल्टर पेपर एवं अभिकर्मक विश्लेषणार्थ (Analysis) एवं क्षेत्रीय कार्यालय प्रयोगशाला, रा.प्र.नि.मं. जोधपुर को निर्देशानुसार आंकड़ो तथा वायु नमूनों का हस्तान्तरण (Hand over) /परिवहन करना। Sample (नमूना) के परिवहन के लिए किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भत्ता देय नही होगा । कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रबोधन केन्द्रो के स्थानों को परिवर्तित भी किया जा सकता है। मापन किये जाने वाले वायु प्रदूषकों तथा मशीनों की संख्या में कमी/वृद्धि की जा सकती है।
- निर्धारित स्टेशनों पर क्षेत्रीय कार्यालय; जोधपुर द्वारा . उपलब्ध करायी गयी मशीनों का सुचारू रूप से प्रचालन (Operation of Equipments)
- प्रत्येक प्रबोधन केन्द्र (Monitoring Station) प्रत्येक सप्ताह में दो दिवस 24 घन्टे चलाया जायेगा।
- वांछित कार्य सम्पादन के लिये 8 घन्टे प्रति पारी (6.00 A.M. से 2.00 P.M, 2.00 P.M. से 10 P.M एवं 10.00 P.M, से 6.00 A.M ) के संचालन हेतु प्रति पारी न्यूनतम एक क्षेत्र सहायक (Field Assistant) नियुक्त किया जायेगा।

9.2 क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर द्वारा विशेष परिस्थिति एवं त्यौहार यथा दीपावली के दौरान आवश्यक होने पर किन्ही चुनिंदा स्थानों/उपरोक्त लिखित प्रबोधन केन्द्र (केन्द्रो) पर सप्ताह में दो दिवस के स्थान पर तीन दिवस या अधिक दिन को भी यह कार्य किया जा सकता है। इस कार्य को करने की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की होगी। इन कार्यों का भुगतान आनुपातिक दरों के अनुसार किया जायेगा।

**क्षेत्र सहायक (Field Assistant)** की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता उच्च माध्यमिक/सीनियर सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होनी आवश्यक है उक्त कार्य करने का अनुभव होने पर प्रार्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।

**वर्तमान में क्षेत्र सहायकों की <u>आवश्यकता</u>–09 (भविष्य में बढ़ोतरी योग्य)**

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
जोधपुर

9.4 **वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant)** के अपेक्षित कार्यः–
परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम के कुशल संचालन में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने के अतिरिक्त मण्डल द्वारा समय–समय पर दिये जाने वाले विभिन्न कार्यों का समयबद्ध तरीके से सम्पन्न करना।

9.5 वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant) की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
स्नातकोत्तर (विज्ञान) परीक्षा उत्तीर्ण होनी आवश्यक है तथापि राज्य मण्डल के सेवानिवृत कार्मिक जिनकों प्रयोगशाला में अधिकारी के रूप में कार्य करने का उचित अनुभव है एवं विज्ञान में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण है वे भी उक्त पद के लिए योग्य है।
**वर्तमान में क्षेत्र सहायक की आवश्यकता–03 (भविष्य में बढ़ोतरी योग्य)**

9.6 शहर में परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन हेतु (Air Quality Monitoring) निर्धारित स्थानों पर अवस्थित स्टेशन (Air Quality Monitoring Stations) ठेकेदार के कर्मियों द्वारा संचालित किये जायेंगे।

9.7 अधीक्षण वैज्ञानिक अधिकारी/कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी/अन्य अधिकृत अधिकारियों को समय–समय पर कार्य का निरीक्षण करने का अधिकार होगा, जिसके दौरान पायी गई कमियों के आधार पर ठेकेदार/संस्था पर शास्ति अधिरोपित की जा सकेगी साथ ही ऐसी कमियों का ठेकेदार/संस्था द्वारा तुरन्त निराकरण करना।

**राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम (National Ambient Air Quality Monitoring Programme) कार्य की शर्तें–**

- **ठेकेदार/फर्म को पूर्व में सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में परिवेशी वायु गुणवत्ता कार्यक्रम अथवा अन्य समक्ष राष्ट्रीय कार्यकमा जिसमे नमूनों (सेम्पल) के एकत्रिकरण/विश्लेषण/नमूनों का परिवहन के लिए कर्मचारी आपूर्ति कराने का न्यूनतम चार वर्ष का सन्तोषप्रद कार्य सम्पादन का अनिवार्य अनुभव होना चाहिए।** अनुभव का प्रमाण पत्र (जो कि सम्बन्धित विभाग द्वारा जारी किया गया हो) निविदा पत्र के साथ संलग्न करना होगा। इस प्रमाण पत्र के अभाव में निविदा पर विचार नही किया जावेगा। कार्यादेश को अनुभव का प्रमाण स्वीकार नहीं किया जावेगा।
- निविदादाता को जोधपुर शहर के सम्पूर्ण प्रबोधन केन्द्रों (Monitoring Stations) वर्तमान संख्या 9 पर कार्य सम्पादन करने हेतु निविदा प्रस्तुत करनी होगी।
- क्षेत्रीय अधिकारी, जोधपुर को अधिकार होगा कि अनुबन्ध की अवधि के दौरान कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में नोटिस देकर अनुबन्ध को समाप्त कर सके। इस बारे में अनुबन्धकर्ता किसी भी हर्जे–खर्चे की मांग नहीं कर सकेगा एवं निविदादाता द्वारा जमा करायी गयी प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।
- ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदा या संलग्न दस्तावेजों में कोई मिथ्या तथ्य या कोई अन्य त्राुटि पायी जाने पर निविदा को रद्द करने एवं उसके द्वारा बोली प्रतिभूति घोषणा अनुसार नियमानुसार कार्यवाही करने का अधिकार क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल, जोधपुर को होगा।
- विभाग किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत कर सकता है। विभाग के लिए न्यूनतम दर की निविदा स्वीकार करने की बाध्यता नहीं होगी।
- निविदा के साथ सभी आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे।
- मोहरबन्द निविदा प्रपत्र मय वित्त विभाग की अधिसूचना कमांक एफ.2(1)वित्त/जीएण्डटी–एसपीएफसी/2017 दिनांक 18/12/2020 में एव परिपत्र कमांक उल्लेखित एफ.2(1)वित्त/जीएण्डटी–एसपीएफसी/2017 दिनांक 23/12/2020 में उल्लेखित मानक प्रारूप में घोषणा पत्र जिस पर 50 रूपये स्टाम्प ड्यूटी एवं इस पर 30 प्रतिशत सरचार्ज देय हो एवं अन्य दस्तावेजों को दिनांक 17/09/2021 को अपरान्ह 2:00 बजे तक क्षेत्रीय कार्यालय राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल, जोधपुर में पहुच जाने चाहिए। प्राप्त निविदाये दिनांक **17/09/2021** को दोपहर 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।
- हस्ताक्षर युक्त दस्तावेज क्षेत्रीय कार्यालय में जमा करवाना आवश्यक है इसके अभाव में निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
- राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम (National Ambient Air Quality Monitoring Programme) के अन्तर्गत वायु नमूना संग्रहण (Ambient Air Monitoring) आंकड़ा प्रतिवेदन पत्र (Data Sheet) सहित क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयोगशाला, जोधपुर को परिवहन के कार्य हेतु ठेका वित्तिय वर्ष 2021–2022 की शेष अवधि तक के लिए दिया जावेगा। ठेके की अवधि मे कार्य उत्कृष्ट पाये जाने की स्थिति में ठेका आपसी सहमति से पूर्व स्वीकृत दरों एवं शर्तों पर बढाया जा सकता है।
- प्रबोधन कार्य संचालन (Handling of Monitoring work)सम्पादन हेतु मशीन, उपस्कर/उपकरण, रसायन तथा



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
जोधपुर

कार्य प्रशिक्षण (Training on Operation of equipment, suppply of Absorbing Solutions, Filter Papers) आदि क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयोगशाला, जोधपुर द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे। आवश्यकतानुसार मशीन की मरम्मत, सर्विस (Servicing and Repairing) आदि की जिम्मेदारी मण्डल की होगी लेकिन प्रत्येक क्षेत्र सहायक (Technical Assistant) एवं वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant) की कर्तव्य निष्ठा, सुचारू रूप से मशीन के संचालन/संधारण आदि के लिये निविदादाता उत्तरदायी होगा। क्षेत्र सहायक (Field Assistant)/ एवं वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant) द्वारा मशीन के चालन/प्रचालन में रूकावट पर तुरन्त मण्डल के नामित अधिकारी को सूचित करना होगा। यदि ठेकेदार या उसके क्षेत्र सहायक (Technical Assistant) एवं वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant) की लापरवाही से मशीन के खराब होने, कांच के सामान टूटने पर विभिन्न अभिकर्मको, फिल्टर पेपर, आकड़ा प्रतिवेदन, आकड़ा संग्रह आदि को क्षति पहुंचाने या दुरूपयोग करने पर ठीक कराने की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की होगी तथा क्षेत्रीय कार्यालय उपकरण ठीक कराने में किये गये व्यय को धरोहर राशि/उसे देय भुगतान में से वसूल कर सकेगा।

- ठेकेदार को कॉन्ट्रेक्ट लेबर (रेग्यूलशन एण्ड एबोलिशन) एक्ट, 1970 के अन्तर्गत पंजीकृत होना आवश्यक है। आयकर विभाग में स्थायी खाता संख्या एवं GST में रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी प्रमाण–पत्र संलग्न किया जावे।
- कार्यों के विवरण में दिये गये कार्यों को करते समय यदि किसी की मृत्यु हो जाती है या कर्मचारी किसी भी रूप में अपंग हो जाता है या अन्य कोई क्षति होती है या कोई अनहोनी हो तो उसकी समस्त जिम्मेदारी एवं इसके मुआवजे आदि के भुगतान का भार ठेकेदार द्वारा ही वहन किया जायेगा। क्षेत्रीय कार्यालय किसी भी प्रकार की क्षति/मुआवजे के लिये किसी भी रूप में उत्तरदायी नहीं होगा।
- कर्मचारी राज्य बीमा, अंशदायी प्रावधायी निधि एवं अन्य कोई नियम जो ठेकेदार पर लागू होते हो तो उन नियमों के अन्तर्गत उनकी पालना करने का उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।
- ठेकेदार प्रतिमाह प्रभारी, प्रयोगशाला शाखा, जोधपुर या समकक्ष से मासिक बिल प्रमाणित करायेगा। क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा स्वीकृत निविदा राशि का ही भुगतान किया जायेगा इसके अतिरिक्त किसी प्रकार का अन्य भुगतान नहीं किया जायेगा।
- ठेके की शर्तों का उल्लंघन करने पर बिना कोई नोटिस दिये ठेका निरस्त कर जमा कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।
- ठेके की व्यवस्था के सम्बन्ध में कोई विवाद उत्पन्न हो जाने पर अध्यक्ष, रा० प्र० नि० म०, जयपुर आर्बिट्रेटर होगा और उनका निर्णय अन्तिम होगा जो दोनो पक्षों को मान्य होगा।

**अन्य महत्वपूर्ण शर्तें:**

1. ठेकेदार/संस्था इस कार्य सम्पादन हेतु उपलब्ध कराये जाने वाले व्यक्तियो की सूची मय फोटो तथा योग्यता प्रमाण पत्रों के संलग्न करेगा।
2. इस निविदा के तहत कार्य के निष्पादन हेतु ठेकेदार/संस्था द्वारा निर्धारित योग्यताधारी व्यक्तियों को नियोजन किया जायेगा तथा ऐसे नियोजित व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर से कम भुगतान नही करेगा। यदि उसके द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो इस हेतु ठेकेदार स्वंय जिम्मेदार होगा ।
3. ठेकेदार/संस्था द्वारा इस प्रकार नियोजित समस्त व्यक्तियों के आचरण की जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार/संस्था की होगी तथा उसकी अनुशंषा पर ही उसके कर्मियों के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र /परिचय – पत्र बनाए जायेगें। प्रत्येक क्षेत्र सहायक (Field Assistant) एवं वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant) के लिये (ठेकेदार/संस्था के प्रतिनिधि सहित) क्षेत्रीय कार्यालय का प्रवेश पत्र रखना आवश्यक तथा मांगने पर दिखाना होगा।
4. प्रबोधन केन्द्र के चालन के समय 24 घंटे व्यक्ति उपलब्ध रहना अनिवार्य है।
5. ठेकेदार/संस्था द्वारा कार्य पर लगाये गये क्षेत्रीय सहायकों एवं वैज्ञानिक सहायकों की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होगी।
6. ठेकेदार/संस्था द्वारा अपराधिक चरित्र/अपराधिक प्रकृति/न्यायालय द्वारा अपराध–सिद्ध दोषी, सजायाफ्ता व्यक्ति को कार्य पर नहीं लगाया जावेगा।
7. ठेकेदार/संस्था के व्यक्तियों द्वारा यदि क्षेत्रीय कार्यालय सम्पत्ति, स्टेशन पर स्थापित उपकरण, विभिन्न रसायनो, अभिकर्मको आदि को कोई नुकसान पहुंचाया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति ठेकेदार/संस्था को करनी होगी।
8. ठेकेदार/संस्था को राज्य मण्डल/क्षेत्रीय कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी द्वारा जब भी निर्देश हेतु बुलाया



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
जोधपुर

जावेगा तो वह तुरन्त उपस्थित होगा।

9 ठेकेदार/संस्था द्वारा नियोजित किये जाने वाले क्षेत्र सहायक (Field Assistant) एवं वैज्ञानिक सहायक (Scientific Assistant) के संबंध में विभिन्न श्रम एवं अन्य सम्बन्धित कानूनों के प्रावधानों की पालना करने का सम्पूर्ण दायित्व ठेकेदार/संस्था का होगा। क्षेत्रीय कार्यालय उक्त समस्त श्रम कानूनों के लिए किसी भी रूप में उत्तरदायी नहीं होगा।

10 प्रभावी श्रम एवं अन्य सम्बन्धित कानूनों के तहत प्रावधायी निधि (EPF) एवं बीमा (ESI), GST, सेवाकर आदि की राशि जमा करवाने, एवं अन्य वित्तीय अथवा कानूनी दायित्व ठेकेदार/संस्था के होंगे। इस हेतु कोई अतिरिक्त भुगतान क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा नहीं किया जावेगा।

11 श्रम एवं अन्य सम्बन्धित कानूनों की पालना न करने पर अथवा अनुबन्ध की शर्तों का उल्लंघन करने पर एवं कार्य सन्तोषजनक नहीं पाये जाने पर बिना नोटिस दिये ठेका समाप्त किया जा सकता है।

12 ठेकेदार/संस्था द्वारा नियोजित श्रमिकों के संबंध में उत्पन्न होने वाली किसी भी सेवा/श्रमिक संबंधी विवाद में दायित्व ठेकेदार/संस्था का होगा तथा क्षेत्रीय कार्यालय से उनका कोई सम्बन्ध नहीं होगा।

13 यदि अनुबन्ध से संबंधित कार्यो के सम्पादन मे किसी प्रकार की लापरवाही पायी जाती है एवं इसके लिये निविदा शर्तों/कार्यादेश में शास्ति (Penalty) का स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है तो ऐसे कार्यों में लापरवाही या किसी प्रकार की शास्ति क्षेत्रीय अधिकारी, रा. प्र. नि. म. जोधपुर द्वारा आरोपित की जा सकेगी।

14 ठेकेदार द्वारा चुकाये जाने वाली किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति/दंड एवं शास्ति (Compensation and Penalty) की राशि ठेकेदार को देय किसी भी प्रकार के भुगतान अथवा प्रतिभूति (Payment or Security) राशि में से वसूल करने का अधिकार क्षेत्रीय कार्यालय को होगा।

15 उक्त शर्तों के अतिरिक्त सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों/RTPP Rules की शर्ते व विनियम भी ठेकेदार/संस्था को स्वीकार्य होंगे।

16 इस निविदा के सम्बन्ध मे अथवा इसके तहत निष्पादित किये जाने वाले अनुबन्ध के संबंध में कोई न्यायिक विवाद किसी भी सक्षम न्यायालय में उत्पन्न होता है अथवा पूर्व के ठेके का कोई विवाद न्यायालय में लम्बित हो और माननीय न्यायालय द्वारा यदि कोई दिशा निर्देश पारित किया जाये तो माननीय न्यायालय के आदेशों की पालना ठेकेदार/संस्था द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी चाहे वह प्रकरण में पक्षकार हो अथवा नहीं हो।

17 यह कि क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में यदि उक्त कार्य का कोई विकल्प प्राप्त कर लिया जाता है तो एक माह के पूर्व नोटिस के बाद संविदा समाप्त की जा सकेंगी।

18 इस निविदा के तहत अनुबन्ध की अवधि वित्तिय वर्ष 2021–2022 तक के लिये ही होगी तथापि अनुबन्ध की अवधि में कमी अथवा बढोतरी करने का अधिकार क्षेत्रीय कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

19 इस निविदा के सम्बन्ध मे अथवा इसके तहत निष्पादित किये जाने वाले अनुबन्ध की शर्तो की व्याख्या अथवा अनुबन्ध से सम्बन्धित किसी भी मामले में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो इस विवाद पर क्षेत्रीय अधिकारी, रा० प्र० नि० म०, जोधपुर का निर्णय अंतिम होगा और ठेकेदार/संस्था को मान्य होगा एवं ठेकेदार एवं क्षेत्रीय कार्यालय की आपसी सहमति से अनुबंध की अवधि को निविदा की शर्तों एवं दरों पर नियमानुसार बढ़ा सकते है।

20 ठेकेदार या उसके क्षेत्र सहायक (Field Assistant) द्वारा नमूने के एकत्रीकरण के कार्य में प्रतिदिन क्षेत्रीय कार्यालय प्रयोगशाला प्रभारी के निर्देशानुसार प्रयोगशाला में नमूनों को मय आकडा प्रतिवेदन (Collected sample and Data Sheet) विश्लेषण के लिये जमा कराया जायेगा ।

**शास्ति (Penalty)**

- ठेकेदार/ठेकेदार के प्रतिनिधि द्वारा आंकड़ा प्रतिवेदन एवं नमूनों को क्षेत्रीय कार्यालय प्रयोगशाला में समय पर जमा नही कराने पर उस दिन की भुगतान (Payment) की जाने वाली राशि का भुगतान नही किया जायेगा तथा उस दिन किये जाने वाली भुगतान राशि के बराबर की राशि की शास्ति (Penalty) लगायी जायेगी।
- ठेकेदार द्वारा लगातार तीन दिवसों पर कार्य में लापरवाही करने पर उन दिनों को भुगतान की जाने वाली राशि की दो गुना राशि शास्ति के रूप में वसूली जायेगी।
- लगातार सात कार्य दिवसों पर लापरवाही करने पर ठेका निरस्त किया जा सकेगा एवं कार्य सम्पांदन प्रतिभूति राशि पूर्ण रूप से जब्त करी जायेगी तथा उसकी जोखिम पर कार्य अन्य संख्या से करवाया जावेगा तथा अन्तर की राशि ठेकेदार से वसूल की जावेगी।

21 किसी भी प्रकार के न्यायिक विवाद का क्षेत्राधिकार जोधपुर होगा।



क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
जोधपुर

क्षेत्रीय कार्यालय

## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

प्लॉट नं. 02 मरूधर इण्डस्ट्रीयल एरिया बासनी प्रथम चरण जोधपुर

*दूरभाष : 0291–2723225 Email address-rorpcb.jodhpur@gmail.com*

22 आगामी माह का बिल का भुगतान गत माह की E.S.I., P.F., GST के जमा को चालान की प्रतिलिपि मय सूची प्रस्तुत करने पर ही किया जायेगा।

23 श्रम विभाग की दरों एवं अन्य प्रावधानों की पालना भी सुनिश्चित की जावें। उक्त दरों को राज्य सरकार/मण्डल मुख्यालय द्वारा संशोधित किये जाने पर तदानुसार देय होगा।

हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर

नाम : मैसर्स : ..........................................................

दिनांक :

पता : ..........................................................

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
जोधपुर

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
प्लॉट नं. 02 मरूधर इण्डस्ट्रीयल एरिया बासनी प्रथम चरण जोधपुर
*Phone No.0291-2723225 Email address-rorpcb.jodhpur@gmail.com*

**राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवायें उपलब्ध कराने हेतु निविदा शर्तेः–**

1. निविदादाता को शर्तों को सावधनीपूर्वक पढ लेना चाहिए एवं निविदा प्रस्तुत करते समय इनकी पूर्णतः पालना करनी चाहिए। निविदादाता को यदि किसी शर्त या कार्य के बारे में कोई सन्देह हो या वह अस्पष्ट लगे तो अपनी निविदा प्रस्तुत करने से पहले उनका क्षेत्रीय कार्यालय, रा. प्र. नि. म. जोधपुर से स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिया जावे। किसी भी शर्त की व्याख्या या विशेष विवरण के संबंध में क्षेत्रीय कार्यालय का निर्णय ही अंतिम व मान्य होगा।
2. **तकनीकी बोली लिफाफा संख्या–01** एवं **वित्तिय बोली लिफाफा संख्या–02** को एक मुहरबन्द लिफाफे में रखकर लिफाफे पर "**राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता प्रबोधन कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवायें उपलब्ध कराने के लिए मांगी जाने वाली निविदा**" अंकित कर उसे क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, स्पेशल प्लॉट न0 2 मरूधर इण्डस्ट्रीयल एरिया बासनी प्रथम चरण जोधपुर को संबोधित करते हुये रजिस्टर्ड डाक/साधारण डाक द्वारा या व्यक्तिशः इस प्रकार से प्रस्तुत करना होगा कि वह निर्धारित तिथि एवं समय तक क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर में पहुँच जावे।
3. **अमानत राशि के स्थान पर** वित्त विभाग के परिपत्र कमांक एफ.2(1)वित्त/ जीएण्डटी–एसपीएफसी/2017 दिनांक 23/12/2020 में उल्लेखित मानक प्रारूप में घोषणा पत्र, जिस पर 50 रूपये स्टाम्प ड्यूटी एवं 30 प्रतिशत सरचार्ज देय हो प्रस्तुत करना होगा। (प्रारूप संलग्न)
4. सफल निविदादाता को कार्यादेश दिनांक से एक सप्ताह के अन्दर–अन्दर स्वंय के खर्चे पर रूपये 500/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक अनुबन्ध पत्र भरकर कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा जिसका प्रपत्र क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकेगा।
5. निविदा (ठेका) अनुमोदित होने पर जारी कार्य आदेश की तिथि के सात दिवस में कार्य की अनुमानित राशि के 2.5% के बराबर राशि कार्य सम्पादन प्रतिभूति के रूप में क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जोधपुर के पक्ष में डी.डी./बैंकर्स चैक के रूप में प्रस्तुत करनी होगी। प्रतिभूति पर किसी प्रकार का कोई ब्याज देय नही होगा। ठेका अवधि पूर्ण होने के पश्चात ठेका अवधि में कार्य सन्तोषजनक होने तथा किसी प्रकार का विवाद नही होने की स्थिति में प्रतिभूति राशि नियमानुसार वापिस लौटा दी जावेगी।
6. निर्धारित अवधि में अनुबन्ध नही करने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी एवं अन्य निविदादाता की निविदा स्वीकृत करने का निर्णय लिया जा सकेगा।
7. यह निविदा केवल वही व्यक्ति/फर्म/संस्थाऐं प्रस्तुत कर सकती है जिनका पंजीयन श्रम विभाग, आयकर विभाग पी.एफ. व ई.एस.आई. जी.एस.टी. में हो एवं इस प्रकार के राष्ट्रीय एवं समकक्ष कार्यक्रम में कार्य करने का 04 वर्ष का अनिवार्य अनुभव होना चाहिए। साक्ष्य के रूप में उक्त पंजीयन प्रमाण पत्रों की फोटो प्रतियां निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। बिना पंजीयन प्रमाण पत्रों के आवेदन करने वाली फर्म/व्यक्ति/संस्थाओं की निविदा को निरस्त समझा जावेगा।

हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर

नाम : मैसर्स : ........................................

दिनांक :

पता : ........................................

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
जोधपुर

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
प्लॉट नं. 02 मरूधर इण्डस्ट्रीयल एरिया बासनी प्रथम चरण जोधपुर
*Phone No. 0291-2723225 Email address-rorpcb.jodhpur@gmail.com*

## (लिफाफा नम्बर–01)

